हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 दिसंबर 2023



04 सरकार ने सभी के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का...



07 आठ बार विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी ...



### शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार लाभ लेने का किया आह्वान

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास की गति को बढ़ाने का सशक्त कदम'






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने विकास के प्रति जो दृष्टिकोण दिया है उससे विकसित और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा भी विकास की इसी गति को बढ़ाने का एक और सशक्त कदम है। नये लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिले और प्रत्येक वर्ग के जीवन में खुशहाली आए हमारा यही प्रयास है। नलखेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत भंडावद में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में यह विचार भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ ग्राम पंचायत में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर शासन की योजनाओं से संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पंजीयन किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ई-गवर्नेंस कार्यालय द्वारा आधार अपडेशन कैम्प लगाकर आधार अपडेट किए।

इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रमों को सम्बोधित कर शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार लाभ लेने का आव्हान किया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचितों और गरीबों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारा संकल्प है, भारत विकसित भारत बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी, विकास और जनकल्याण की गारंटी है। संकल्प यात्रा के दौरान जहां जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर किसानों के समक्ष ड्रोन का संचालन एवं प्रदर्शन किया जाकर किसानों को बताया जारहा कि ड्रोन की सहायता से कृषि कार्य को और भी सरलता से किया जा सकता है।

### पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पीरुलाल कलसिया, मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया, पार्षद गोवर्धन वेदिया मुकेश लोढ़ा, रितेश सोनी, मोहन नागर, सत्यनारायण पाटीदार कोहड़िया, वीरम मालवीय, ग्राम पंचायत सरपंच महेश पाटीदार सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिनके हाथों पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भारत संकल्प यात्रा की नोडल अधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर किरण वरवडे, तहसीलदार प्रीति भिंसे, जनपद पंचायत सीईओ राधाकृष्ण वाकतरिया के साथ सभी जनप्रतिनिधि, गांव वासी एवं विभाग के अधिकारी आदि मौजूद थे। रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत कचनारिया एवं पीपलिया सेत पहुंचेगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा आज 8 पंचायतों का भ्रमण करेगी

**आगर-मालवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा आज विकासखंड आगर के ग्राम पंचायत मालीखेड़ी एवं आवर, विकास खण्ड बड़ौद में आसंध्या एवं सिंगलया, विकास खण्ड सुसनेर में देवली एवं कंवराखेड़ी तथा विकास खण्ड नलखेड़ा में कचनारिया एवं पिपलियासेंत का भ्रमण करेगी। यात्रा भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर समाज में अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित किए जाने हेतु आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। शिवा हीरो के दौरान आधार अपडेशन की कार्रवाई पूर्ण की जाएगी।

**ग्राम पंचायत में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन**

जिला प्रशासन की नागरिकों से अपील है कि ग्राम पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनकर लाभ ले। 25 दिसम्बर को परसूखेड़ी एवं सेमली, 26 दिसम्बर को पिपल्याकुमार एवं पचोरा, 27 दिसम्बर को पालड़ा एवं राजाखेड़ी, 28 दिसम्बर को शिवगढ़ एवं नान्याखेड़ीअहीर, का भ्रमण करेगी। इसी तरह विकास खण्ड बड़ौद 25 दिसम्बर को खजुरी बड़ौद एवं रामनगर, 26 दिसम्बर को कंकडेल, 27 दिसम्बर को झलारा बड़ौद एवं उंचवास, 28 दिसम्बर को आम्बा बड़ौद एवं टोंकड़ा, विकासखंड सुसनेर में 25 दिसम्बर को खेरिया सोयत एवं सोयतखुर्द, 26 दिसम्बर को कोठड़ा एवं लालाखेड़ी, 27 दिसम्बर को अमरकोट एवं गुन्दलावदा, 28 दिसम्बर को गणेशपुरा एवं मंगीशपुर तथा विकास खण्ड नलखेड़ा में 25 दिसम्बर को लाडोन एवं लटुरीउमठ, 26 दिसम्बर गुराडिया खाती एवं टिकोन का भ्रमण करेगी।

### मुनिश्री सुप्रभसागर का नलखेड़ा में मंगल प्रवेश हुआ

**नलखेड़ा।** स्थानीय दिगंबर जैन समाज में आचार्यश्री विशुद्ध सागर के शिष्य मुनिश्री सुप्रभसागर आदि का नगर में मंगल प्रवेश शनिवार को हुआ। समाजजनों द्वारा मुनिश्री की अगवानी कर नगर में चल समारोह निकाला। शनिवार को मुनिश्री सुप्रभसागर का नलखेड़ा नगर में मंगल प्रवेश हुआ। समाज जनों द्वारा नीमा कॉलोनी स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से मुनि संघ की बैंडबाजे के साथ भव्य अगवानी की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों तथा महिलाओं ने भाग लिया।

## ग्राम पंचायत में हुआ विशेष ग्राम सभा का आयोजन

### सुशासन दिवस 25 दिसंबर को भी होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजना की 16वीं किश्त के लिए आधार, बैंक खाता लिंक, ईकेवाईसी एवं लैंड लिंक की कार्यवाही एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को योजना में सम्मिलित करने 15 जनवरी तक विशेष अभियान संचालित है। अभियान अंतर्गत 23 दिसंबर को किसान दिवस के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

जिन पंचायतों में शनिवार को ग्राम सभा का आयोजन नहीं हुआ वहां पर 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को आयोजित ग्राम सभा में हल्का पटवारी एवं पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर ग्राम सभा में लाभान्वित हितग्राही की सूची का वाचन किया। पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उनकी जानकारी पीएम किसान पोर्टल पर नियत प्रक्रिया अनुसार अद्यतन करने की कार्यवाही की गई। जिन ग्राम पंचायत में शनिवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया वहां सुशासन दिवस 25 दिसंबर को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।


### 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण के निर्देश

**सीहोर।** भारत सरकार के निर्देश अनुसार मिशन इंद्रधनुष के तहत 5.0 प्रारंभ किया गया है। इसके तहत टीकाकरण से वंचित एवं छूटे हुए 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं का हैड काउंट सर्वे करवाकर उन्हें टीकाकृत किया जाएगा। सभी लक्षित बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। सघन मिशन इंद्रधनुष के तहत 5.0 को सफल बनाने समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि अभियान का पोस्टर बैनर, दीवार लेखन तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही गावों में मुनादी भी कराई जाए। मिशन इन्द्रधनुष के तहत टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी माता-पिता तथा अभिभावकों से इस अभियान के तहत बच्चों का टीकारण कराने की अपील की है। मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के तहत टीकाकृत किए गए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के कवरेज का इन्द्राज किया जाएगा।

## जिले के कृषकों को पाले से फसलों के बचाव के लिए जारी की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिस दिन आकाश पूर्णतया साफ हो, वायु में नमी की अधिकता हो, कड़ाके की सर्दी हो, सायंकाल के समय हवा में तापमान ज्यादा-कम हो एवं भूमि का तापमान शून्य डिग्री सेंटीग्रेट अथवा इससे कम हो जाए, ऐसी स्थिति में हवा में विद्यमान नमी जल वाष्प संघनीकृत होकर ठोस अवस्था में (बर्फ) परिवर्तित हो जाता है। इसके साथ ही पौधों की पत्तियों में विद्यमान जल संघनित होकर बर्फ के कण के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं जिससे पत्तियों की कौशिका भित्ती क्षतिग्रस्त हो जाती है जिससे पौधों की जीवन प्रक्रिया के साथ-साथ उत्पादन भी प्रभावित होता है। पाला पड़ जाने पर नुकसान की संभावना अत्यधिक होती है।



### खेत पर धुआं करना चाहिए

उप संचालक कृषि विजय चौरासिया ने पाले एवं ठंड से फसलों के बचाव के लिए जिले के कृषकों के लिए सलाह जारी की है। सावधानी अपना कर जिससे फसलों को बचाया जा सकता है। पाले की संभावना पर रात में खेत में 6-8 जगह पर धुआं करना चाहिये। यह धुआं खेत में पड़े घास-फूस अथवा पत्तियां जलाकर भी किया जा सकता है। यह प्रयोग इस प्रकार किया जाना चाहिये कि धुआं सारे खेत में छा जाए तथा खेत के आसपास का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक आ जाए। इस प्रकार धुआं करने से फसल का पाले से बचाव किया जा सकता है। पाले की संभावना होने पर खेत की हल्की सिंचाई कर देना चाहिये। इससे मिट्टी का तापमान बढ़ जाता है तथा नुकसान की मात्रा कम हो जाती है। सिंचाई बहुत ज्यादा नहीं करनी चाहिये तथा इतनी ही करनी चाहिये जिससे खेत गीला हो जाए। रस्सी का उपयोग भी पाले से काफी सुरक्षा प्रदान करता है। इसके लिये दो व्यक्ति सुबह-सुबह (जितनी जल्दी हो सके) एक लंबी रस्सी को उसके दोनों सिरों से पकड़ कर खेत के एक कोने से लेकर दूसरे कोने तक फसल को हिलाते चलते हैं। इससे फसल पर रात का जमा पानी गिर जाता है तथा फसल की पाले से सुरक्षा हो जाती है।

### रसायन से पाला नियंत्रण

वैज्ञानिकों द्वारा रसायनों का उपयोग करके भी पाले को नियंत्रित करने के संबंधी प्रयोग किये गए हैं। कृषक घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत का घोल (3 से 5 एम.एल./ली. पानी के साथ) या घुलनशील सल्फर 0.3 से 0.5 प्रतिशत $ बोरान 0.1 प्रतिशत घोल (3 से 5 एम.एल./ली.$1 एम.एल. पानी के साथ) या गंधक के एक लीटर तेजाब को 1000 लीटर पानी में मिलाकर छिड़कने से लगभग दो सप्ताह तक फसल पाले के प्रकोप से मुक्त रहती है। रसायनों विशेषकर गंधक के तेजाब का उपयोग अत्यंत सावधानीपूर्वक तथा किसी विशेषज्ञ के मार्गदर्शन अवश्य लें। उपरोक्त में से कोई भी एक घोल बनाकर छिड़काव करके फसल को पाले से बचाया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिये अपने क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं तकनीकी सलाह के लिए नजदीकी कृषि विज्ञान केन्द्र से संपर्क करें।

## शासकीय सेवकों ने ली सुशासन की शपथ



**नलखेड़ा।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा सुशासन की शपथ ली गई। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने संयुक्त कलेक्टर कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने एवं प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरपी वर्मा सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अस्के को जूलॉजी विषय में पीएचडी उपाधि प्रदान की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में जूलॉजी विभाग में कार्यरत शिवकरण अस्के को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा जूलॉजी विषय में पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। उनकी इस उपलब्धि पर शासकीय महाविद्यालय के स्टाफ ने स्वागत किया। अस्के ने डॉ. अनीता सोलंकी के निर्देशन में सिस्टमैटिक स्टडी एंड डाइवर्सिटी ऑफ ड्रैगनफ्लाईज़ एंड डे म स फ ला इ ज (ओडोनाटाइनसेक्टा) नियर नर्मदा रिवर बैंक एट बड़वानी डिस्ट्रिक्ट (एम.पी.) विषय पर भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू शोध केंद्र से शोध कार्य पूर्ण किया। अस्के की इस उपलब्धि पर शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल एवं समस्त स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया साथ उन्हें बधाइयां दी एवं उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित

# 'अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलाने पहले से सर्वे कर चिन्हित करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में बड़ी संख्या में नागरिक सहभागी बन सकें, इसके लिए पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में यात्रा के विकासखंड एवं पंचायत स्तरीय नोडल अधिकारियों की बैठक में कहा।

कलेक्टर ने आगे कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजन की तिथि एवं दिन की मुनादी करवाई जाए। जिन पंचायतों में शिविर आयोजित होना है, वहां नोडल अधिकारी मैदानी अमले के साथ पहले से सर्वे कर समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित करने हेतु चिन्हित करके रखें, ताकि चिन्हित व्यक्ति शिविर में उपस्थित होकर अपना आवेदन दे सकें। गांव स्तर पर उज्ज्वला योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, पात्रता पर्ची, आयुष्मान योजना, केसीसी आदि योजना में सर्वे कर पात्रता रखने वाले व्यक्ति को चिन्हित किया जाए।

**विकासखंड स्तरीय अधिकारी शिविरों में अनिवार्य उपस्थित रहें**



### सीएचओ शिविर में मौजूद रहकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि जिन व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उनके आयुष्मान कार्ड शिविरों में बनवाए, स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ शिविर में उपस्थित रहकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत आवेदन प्राप्त करें, साथ ही जिन व्यक्तियों की पात्रता पर्ची नहीं बनी है उनकी पात्रता पर्ची जारी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों में अविवादित बंटवारा, नामांकन एवं सीमांकन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन अन्तर्गत पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके आवेदन भी प्राप्त करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लैंड लिंक एवं ई-केवायसी की कार्यवाही भी शिविरों में पूर्ण की जाए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की अब तक की प्रगति की जानकारी दी तथा नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों से संबंधित सभी डाटा एन्ट्री करें तथा शिविरों में लोगों की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष फोकस करें। बैठक में एसडीएम आगर सत्येंद्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण वरवडे सहित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

### आवेदनों की डाटा एंट्री समय पर और सही-सही हो

कलेक्टर ने कहा कि यात्रा हेतु विकासखंड स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाले शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर शिविरों का सफल आयोजन करवाते हुए सभी कार्यवाही समय पर पूर्ण करवाएं। विशेषकर शिविरों में उपस्थित व्यक्ति एवं योजनाओं में प्राप्त आवेदनों की डाटा एन्ट्री समय पर और सही-सही हो। कार्यक्रम में वीवीआईपी की उपस्थिति की एन्ट्री भी पोर्टल पर अनिवार्यतः की जाए। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि अनुभाग स्तर पर यात्रा नोडल की बैठक लेकर सभी कार्यवाही समय पर पूर्ण करने के लिए पाबंद करे। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में सभी बीएमओ, बीईओ, सीडीपीओ एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी तथा महिला बाल विकास विभाग सुपरवाइजर अनिवार्य उपस्थित रहे, अनुपस्थित रहने की दशा में उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की जाए।

## खबर संक्षेप

### एडवोकेट महेंद्र पाटीदार बने अध्यक्ष



**बागली।** शुक्रवार को अभिभाषक संघ बागली का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें एडवोकेट महेंद्र पाटीदार छतरपुरा बागली अभिभाषक संघ बार काउंसिल के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इस दौरान सभी अभिभाषकों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया गया।

### डीजे संचालकों ने तहसीलदार व थाना प्रभारी को दिया आवेदन



**हाटपीपल्या।** नगर एवं क्षेत्र के डीजे संचालकों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया गया की शादी ब्याह, सगाई एवं अन्य धार्मिक आयोजन में डीजे बजाया जाता है जिससे की हमारी आजीविका चलती है। डीजे बंद होने की स्थिति में हमारी आजीविका बंद हो जाएगी। हम बेरोजगार हो जाएंगे। हमारा परिवार आर्थिक संकट में आ जाएगा। हमारी आजीविका चलाने के लिए एक समय सीमा के अंतर्गत मध्य ध्वनि बजाने की अनुमति रात्रि 10:00 बजे तक की दी जाए एवं समय के अतरिक्त डीजे अगर बजाया जाता है तो डीजे संचालक के खिलाफ विरोध कार्रवाई नहीं करते हुए आयोजक के खिलाफ की जाए। क्षेत्र के डीजे संचालकों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन देने के अवसर पर पार्षद पिंटू जमुडिया, लोकेश मिश्रा, आशीष पांचाल, नितेश गोलियां, गंगाराम बनेडिया, महेश, गणेश, अल्केश गोलियां, दिलिप सोलंकी साहिद सभी डीजे संचालक मौजूद थे ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के समापन पर आवास नगर में हुआ कार्यक्रम

# सरकार ने सभी के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया: विधायक पवार

केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारीदी,अधिकारियों-कर्मचारियों का किया सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। सरकार ने सभी के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया है। उज्जवला गैस कनेक्शन योजना के माध्यम से माता-बहनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा। आयुष्मान भारत के माध्यम से पांच लाख रुपए तक के इलाज की सुविधा सरकार ने दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के घर का सपना पूरा हुआ है।

जो पात्र हितग्राही हैं, वे सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें।विकसित भारत संकल्प यात्रा के समापन अवसर पर वार्ड क्रमांक 1,2,3 एवं 4 के लिए आवासनगर कॉम्प्लेक्स में आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में यह उद्गार विधायक गायत्री राजे पवार ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने स्वनिधि योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा इस योजना के माध्यम से कई माता-बहनों ने स्वयं का रोजगार शुरू किया है। इसमें 10 हजार रुपए का लोन लेते हैं और समय पर जमा करने पर 20 हजार और 50 हजार रुपए का लोन ले सकते हैं।विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य योजनाओं के शिविर लगाए।

मेरा आप से आग्रह है, कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति रवि जैन ने संबोधित करते हुए कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें हितग्राहियों को योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। यहां शिविर जरूर समाप्त हो रहा है, लेकिन हितग्राही नगर निगम में आकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज जमा करवाकर लाभ उठा सकते हैं।कार्यक्रम में नोडल प्रभारी व स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष धर्मेंद्रसिंह बैस, नेता सत्तापक्ष मनीष सेन, भाजपा नेता मनीष सोलंकी आदि ने भी संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के 89 लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ उपस्थितजनों को दिलाई। हमारा संकल्प विकसित भारत कैलेंडर का विमोचन भी किया गया।

## नेता प्रतिपक्ष सिंघार का किया गर्मजोशी से स्वागत




**देवास।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने कार्यकर्ताओं से की चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल से धार गंधवानी जाते समय देवास बायपास रसुलपुर चौराहे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं म.प्र. शासन के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का कांग्रेस नेता मनोज पंवार के नेतृत्व में गर्म जोशी से स्वागत कर आतिशबाजी की गई। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सिंगार ने आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस के तैयार रहने का आव्हान किया।

साथ ही मध्यप्रदेश में भाजपा द्वारा मुखौटा लगाकर बनाई गई। सरकार पर कड़ा प्रहार किया और कहा कि मध्यप्रदेश केन्द्र शासित प्रदेश बनने की ओर बढ़ चुका है। हमने स्पीकर पद के लिए समर्थन किया। डिप्टी स्पीकर पद की मांग की तो भाजपा नेताओं ने कहा कि दिल्ली से बात करना होगी। नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान पिछली सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजना जारी रहेगी इसका उल्लेख किया। राज्यपाल ने विधानसभा सत्र में अपने अभिभाषण में लाड़ली बहना योजना का कोई जिक्र नहीं किया जिस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने मध्यप्रदेश में जिस प्रकार लोक सेवा गारंटी अधिनियम बनाया गया है उसी तर्ज पर लाड़ली बहन योजना कानून बनाकर क्रियान्वित करने की बात कही एवं कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में मांग की जाएगी जिससे महिलाओं को हमेशा के लिए अधिकार मिल सके।

इस अवसर पर सिद्धार्थ माहुरकर, अंतरसिंह सोलंकी, रूपेश कल्याणे, मुकेश शर्मा, राहुल गार्गव, राहुल शर्मा, दीपेश कानूनगो, संजू आचार्य, अजयसिंह लक्की मक्कड, मोंटू शेख, इम्तियाज सिद्दिकी आदि कांग्रेस नेताओं ने उमंग सिंगार का स्वागत किया एवं मॉ नर्मदा का चित्र भेंट किया।

### किसान दिवस पर किसानों के लिए सेमिनार आयोजित

**देवास।** भारत एक कृषि प्रधान देश है और देश की अर्थव्यवस्था में किसानों का भी अहम योगदान है। हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है। किसान दिवस पर खेती-किसानी में किसानों को अधिक लाभ मिल सके। इसलिये पीडी फार्म द्वारा स्थानीय भौरासा के पास भोपाल रोड पर ग्रामीण क्षेत्र में एक सेमीनार को आयोजन किया गया। पीडी फार्म के सुरेश कुमार शर्मा ने बताया के हमारी फर्म में 80 से 90 वैज्ञानिकों द्वारा दिन रात कार्य करते है। जिसमें किसानों को क्या-क्या समस्याएं है उसका का सर्वे कर कंपनी के आरएमडी तक पंहुचाया जाता है। उसके अनुसार वैराईड डेव्लप किया जाता है। वही कंपनी द्वारा इस और निंरतर रिसर्च कर नई-नई वैरायटी लाना और किसानों की समस्याएं को खत्म करना है। जिससे किसानों की अर्थिक स्थिति सुधारने के लिय दृढ़ सकल्पित है। इसके साथ ही पीडी फार्म द्वारा भोपाल रोड पर किसान अजुर्न माली के 6 बीघा खेत को 2 वर्ष पहले तीन वर्ष के लिये लिज पर लिया गया था। जहा पीडी फार्म द्वारा उक्त खेत में सब्जियों व फूलों के माध्यम से निरंतर रिसर्च किया जा रहा है, जिसके चलते किसानों को सब्जियों व फुलों की खेती कर अधिक लाभ कैसे मिले। इसके लिये एक सेमीनार का अयोजन हुआ। जिसमें रायसेन, भोपाल, शिवपुरी, ग्वालियर, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, इंदारै देवास के किसान एकत्रित हुए। जहा पर पीडी फार्म द्वारा किसानों को अपने खेतों में किस तरह से सब्जियों के माध्यम से लाभ मिल सके इसकी जानकारी साझा कि गई।

### देवी भागवत कथा का शोभायात्रा के साथ शुभारंभ



**देवास।** सात दिवसीय देवी भागवत कथा का शुभारंभ एकादशी पर शनिवार को शोभायात्रा के साथ हुआ। यात्रा में मातृशक्ति सिर पर कलश धारण कर चल रही थी। शिव मंदिर कोठी रोड से शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल दर्जी धर्मशाला मोती बंगला पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पर देवी भक्तो ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। उज्जैन प्रसिद्ध पं. महेश गुरुजी के मुख से देवी भक्तो ने श्रीमद देवी भागवत कथा के प्रथम दिन की कथा का श्रवण किया। साथ ही भक्ताजें ने देवी माँ का आव्हान कर भजनों का श्रवण भी किया। कथा में प. महेश गुरुजी ने कहा कि देवी माँ ही सर्वव्याप्त है। उनमें ही पूरा ब्रह्माण समाया है। हमे मन की आँखों से ऐसे समझना होगा। हम अपने संस्कारिक जीवन मे इससे अनभिज्ञ रहते है। माँ के लोक को मणिदीप कहते है। वही पूरे ब्रह्माण का चलाती है। यह जानकारी पं. राजेन्द्र चौधरी (जय शिव) ने दी। कथा 29 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक चलेगी।

### वैजयंती माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन 25 दिसंबर को

**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रसिद्ध समाजसेवी म.प्र. पश्चिमांचल माहेश्वरी महिला संगठन की पूर्व अध्यक्षा एवं नगर की सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. वैजयंती माहेश्वरी की पुण्य स्मृति पर 25 दिसंबर सोमवार को चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन माहेश्वरी नर्सिंग होम भगत सिंह मार्ग पर प्रात 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें डॉ. प्रमोद, डॉ. पुनित माहेश्वरी द्वारा हड्डी रोग, गठिया रोग, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द एवं डॉ. प्राची माहेश्वरी द्वारा स्त्री रोग जैसे सफेद पानी की शिकायत, गर्भाशय का बाहर निकलना, बांझपन, गर्भवती महिलाओं की जांच आदि की नाममात्र शुल्क पर चिकित्सा एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा एवं कुछ जरूरतमंद मरीजों का नाममात्र शुल्क पर आपरेशन भी किया जाएगा।

## सफल विद्यार्थी के लिए अपनी आंतरिक प्रतिभा का सार्वजनिक प्रकटीकरण जरूरी है: विधायक भंवरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

विद्यालय में अध्ययनरत हर विघार्थी प्रतिभावान होता है लेकिन सफल वो होता है जो उसका सार्वजनिक प्रकटीकरण कर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित करता है। उक्त विचार सी एम राइज स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मुरली भंवरा ने व्यक्त किए। सांस्कृतिक समारोह में विधायक के साथ बतौर अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे,मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह,सासंद प्रतिनिधि कमल जायसवाल, पार्षद मोहन मानधन्या,मोनू अजमेरा, देवेन्द्र गोस्वामी, अंतिम सिसौदिया,लखन सोनी, मुकेश गुप्ता, राधेश्याम राठौर, दिलीप पडियार आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य अय्युब खान, सालिगराम भारती, सोनिया वर्मा, जेपी वर्मा, प्रवीण राठौर, जीवन सिंगावदिया, मुकेश पटेल,ज्योति सिंह,दीपक शर्मा, राधेश्याम मालवीय, यशवंत बामनीया आदि ने किया। प्रथम चरण में शैक्षणिक सत्र में श्रेष्ठ शिक्षक और शिक्षिकाओं तथा स्थांतरित शिक्षिकाए विनिता शर्मा, रानी पांचाल,पूजा परमार को अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के द्वितीय चरण में विघार्थियों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मोहित किया गया। संचालन संकुल सहसमन्वयक वारिस अली व शिक्षिका डा. प्रीति मालवीया ने किया तथा आभार सोनिया वर्मा ने माना। समारोह सौहार्द पूर्ण माहौल में समापन संपन्न हुआ।

## बागली में संचालित हो रही मांस व मछली दुकानों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



मुख्यमंत्री के आदेश के बाद खुले में संचालित होने वाली मांस दुकानों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के चलते शुक्रवार के दिन नगर परिषद बागली के अंतर्गत संचालित मांस की दुकानों का नगर परिषद सीएमओ महेश कुमार शर्मा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश सिंह वास्केल के द्वारा दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलाली मोहल्ला क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जहां पर दो दुकान जो की शासन के नियम अनुसार लाइसेंस प्राप्त विधि तरीके से संचालित पाई गई एवं एक दुकान को लाइसेंस न होने के कारण बंद किया गया। बिना लाइसेंस वालों को समझाइश दी कि वह लाइसेंस बनाएं और उनके नियम शर्तों के अनुसार दुकानों का संचालन करें।इस दौरान नगर परिषद का अमला उपस्थित रहा। साथ ही दुकानदारों को समझाईश दी गई कि शासन के नियमों का पालन करें। उल्लंघन करेगा तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गीता जयंती पर 1100 गीता जी के साथ जरूरतमंदों को कंबल किए भेंट

# विधायक गायत्री राजे पंवार के हाथों हुआ गीताजी का वितरण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गीता जयंती मोक्षदा एकादशी के पुण्यमय अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा स्थानीय शनि मंदिर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की जिला संचालिका ब्रह्माकुमारी बहन प्रेमलता दीदी के सानिध्य में एवं विधायक गायत्री राजे पवार, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, नगर निगम सभापति रवि जैन, समाजसेवी राज नारायण सोनी के आतिथ्य में भक्तों को 1100 गीताजी वितरण के साथ जरूरतमंदों को कंबल भेंट किए गए। समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया ने बताया कि शनि मंदिर मीरा बावड़ी पर श्री गणेश जी, श्री कृष्ण भगवान, सतनारायण भगवान, शनि भगवान के श्री चरणों में पंडित अजय कानून के आचार्यत्व में मंगलाचरण कर 1100 गीता जी का वितरण विधायक गायत्री राजे पंवार के हाथों से किया गया।

गीता जी का वितरण मां चामुंडा टेकरी, बीएनपी गेट स्थित मानस भवन शिव मंदिर, भोलेनाथ मंदिर बालगढ़ रोड सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी किया गया। साथ ही 5100 कंबल वितरण का शुभारंभ भी किया गया। कंबल वितरण लगभग एक माह तक चलेगा। कंबल वितरण का समापन मकर संक्रांति पर होगा। अतिथियों का स्वागत शाल, श्रीफल के द्वारा ब्रह्माकुमारी बहन प्रेमलता दीदी, वीणा कानूनगो, नरेंद्र मिश्रा, रामेश्वर जलोदिया, सुभाष मुखोपाध्याय, आर एस मिश्रा, धर्मेंद्र गुप्ता,संतोष जैन ने किया।

इस दौरान पूजा अर्चना के साथ पंवार ने दीपक कानूनगो, यतीन्द्र सिंह, पुष्पा सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गया। पवार ने गीता जयंती की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता हिंदुओं की ज्ञान निधि में एक चिंतामणि रत्न है। गीता आत्मज्ञान की गंगा है। गीता जीवन जीने की कला सिखाती है। उन्होंने दिव्यांगों को कंबल वितरण करते हुए कहा कि नारायण सेवा में ही परमात्मा का वास है। कार्यक्रम में पंडित अजय कानूनगो, सचिन जोशी का शाल, श्रीफल से अभिनंदन किया गया। कम्बल वितरण में देवास की पूर्व कलेक्टर गौरी सिंह समाजसेवी राज नारायण सोनी, बैंक नोट प्रेस के मुख्य महाप्रबंधक एसके महापात्रा, सीआईएसएफ कमांडेंट शिवरतन मीणा, समाजसेवी दीपक गर्ग, समाजसेवी प्रदीप मिश्रा, रमन शर्मा, पीयूष आचार्य, हरिनारायण बाथम, नरेंद्र मिश्रा उमेद सिंह राठौड़ का अनुकरणीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालक रामेश्वर जलोदिया ने किया। आभार पंडित अजय कानूनगो ने माना।

## शासकीय हाईस्कूल में दानदाताओं का सम्मान समारोह हुआ संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

शासकीय हाईस्कूल कामठखेड़ा में शुक्रवार को विद्यार्थियों हेतु फर्नीचर प्रदान करने वाले दानदाताओं का सम्मान समारोह तथा कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामसिंह ओसारी एवं चंद्रप्रकाश बढ़जात्या तथा विशेष अतिथि भंवरसिंह परिहार, वासुदेव जोशी, दिनेश चौहान पटवारी, सुनीता नागर, सरपंच तेजसिंह ओसारी, मुकेश सेंधालकर, ओमप्रकाश यादव, मुन्नालाल मकवाना सहित समस्त दानदाता उपस्थित रहे। संस्था के प्राचार्य प्रकाशचंद डाबी द्वारा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अभिषेक बढ़जात्या, राकेश बैरागी, महेश कुर्रा, मनीष डोडियार, श्रवण मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था शिक्षक देवकरण चौहान ने किया। तथा आभार लोकेंद्र परिहार ने माना।

## खबर संक्षेप

### अमन श्री श्रीमाल का रिजर्व बैंक में हुआ चयन



**आष्टा।** कुछ प्रतिभाएं ऐसी होती है, जो परिवार नहीं वरन नगर का गौरव होती है। नगर के प्रतिभावान छात्र अमन श्री श्रीमाल का चयन रिजर्व बैंक में मैनेजर ग्रेड बी के पद पर हुआ है। 22 वर्ष की उम्र मे अमन ने प्रथम प्रयास में आरबीआई मेनेजर का एक्जाम क्वालीफाई किया है , यह सफलता उन्होंने बिना किसी कोचिंग इंस्टीट्यूट जॉइन कर, घर पर रहकर सेल्फ स्टडी से हासिल की है। कुछ ही समय पूर्व अमन का चयन यूनियन बैंक में मैनेजर के पद पर हुआ था, किन्तु अमन का लक्ष्य शुरू से है भारत की सर्वोच्च बैंक में जाना था। अमन ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मम्मी पापा अनिल - सुषमा श्री श्री माल को दिया है। अमन की इस महत्वपूर्ण सफलता पर श्वेतांबर श्री संघ अध्यक्ष पवन सुराणा, नवनीत संचेती, पारसमल सिंघवी, सुशील संचेती, अभिषेक सुराणा, राजकुमार श्री श्री माल, चन्द्र कुमार, प्रवीण धाड़ीवाल, त्रिलोक वोहरा, अतुल सुराणा, विनीत सिंगी, एडवोकेट सुरेन्द्र परमार, राहुल सुराणा, राजू जायसवाल, प्रबल धाड़ीवाल, प्रबल सुराणा, हर्षद जैन, जिम्मी मूंदड़ा, आयुष जायसवाल, कुलदीप बनवट ने बधाई दी है।

### व्यापारी एसोसिएशन ने दिया अभिनंदन पत्र

**आष्टा।** विगत दिनों वरिष्ठ समाजसेवी संघवी प्रकाशचन्द्र वोहरा का आकस्मिक निधन हो गया था उनके पगड़ी के कार्यक्रम में सर्राफा व्यापारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की ओर परिवारजन को स्मृति अभिनन्दन पत्र दिया। श्री वोहरा की स्मृति में जिले में निर्माणधिन केशव माधव न्यास को 5101 रु की राशि दान में दी गयी। संघ के अध्यक्ष गणेश सोनी ने बताया के उनके जाने से सम्पूर्ण हिन्दू समाज को क्षति हुई है जिसे कोई पूरा नहीं कर सकता, उनका सभी मंदिरों की सेवा में सहयोग करने का स्वभाव रहा।

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पटवारी की नसीहत भी दिख रही बेअसर

# आठ बार विधानसभा चुनाव हारने के बाद भी नहीं थम रही कांग्रेस में गुटबाजी

2023 के विधान सभा चुनाव में हार के बाद भी कांग्रेस की गुटबाजी चरम पर है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच चाहे पद की लड़ाई हो या धरना-प्रदर्शन की बात हो, हमेशा गुटबाजी नजर आती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बीते दिनों सम्पन्न हुए 2023 विधानसभा चुनाव में आष्टा विधानसभा में मिली करारी शिकस्त के बावजूद यहां की कांग्रेस में कोई सुधार होता दिखाई नहीं दे रहा है। इसके ताजा उदाहरण भी लगातार देखने को मिल रहे हैं। गौरतलब है कि 2023 विधान सभा चुनाव में हार के बाद भी कांग्रेस की गुटबाजी चरम पर पहुंच गई है आष्टा की बात करें तो यहां पर नेताओं की राजनैतिक कबड्डी जारी है। कांग्रेस के खेमों में तो आए दिन यही प्रतियोगिता चलती रहती है। बात चाहे पद की लड़ाई की हो या धरना-प्रदर्शन की या बीते दिनों नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के स्वागत की, कांग्रेसियों के खेमे में गुटबाज़ी उजागर होती ही रहती है।

### प्रदेश अध्यक्ष की नसीहत भी बेअसर

प्रदेश में विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को हटाकर युवा नेतृत्व के हाथ में सूबे की कमान सौंप दी है। कांग्रेस ने जीतू पटवारी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया है। वही प्रदेश अध्यक्ष बनते ही जीतू पटवारी का कहना था कि लोकसभा चुनाव आने वाले हैं ऐसे में वो चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी बेहतर प्रदर्शन करे और जीतू पटवारी ने पार्टी में गुटबाजी का अंत होने की भी बात कहते हुए कहा था की अब प्रदेश में कांग्रेस के अंदर गुटबाजी शब्द नहीं सुनाई देगा। लेकिन इसके उलट आष्टा में फिर भी इन कांग्रेसियों की गुटबाजी थम नही रही है और गाहे-बगाहे उभरकर बार-बार सामने आ रही है। गौरतलब है कि कभी पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के समर्थक तो कभी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के समर्थक एक दूसरो पर टिका- टिप्पणी करते हुए दिखाई देते है और हालत ऐसे हुए कि गुटबाज़ी के चलते आष्टा विधान सभा क्षेत्र में कांग्रेस लगातार आठवां चुनाव हार गईं। इधर जमीनी कार्यकर्ताओं का कहना है कि बड़े नेताओं की गुटबाज़ी के चलते छोटे और सक्रिय जमीनी कार्यकर्ता भी अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहा है वहीं पार्टी की अनुशासन समिति भी चिर निद्रा में नजर आ रही है। कार्यवाही के अभाव में यदि हालत ऐसे ही बने रहे तो आने वाले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस को नुकसान होना तय माना जा रहा है।

### पुतला दहन में इने-गिने रहे मौजूद

कांग्रेस सहित तमाम विपक्ष के लोकसभा और राज्यसभा के 143 सांसदों को सदन से निलंबन के विरोध में कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार का पूतला फुंका और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान विरोध प्रर्दशन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक धड़ा विरोध-प्रदर्शन के दौरान मौजूद रहा था तो महज़ गिनती के कांग्रेसी ही विरोध-प्रर्दशन में मौजूद रहे। जिनमें कांग्रेस के तमाम ब्लाक अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। आपको बता दें कि यह गुटबाजी बीते दिनों नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के पदभार ग्रहण करने के लिए भोपाल जाते समय भी दिखाई दी थीं। जहां कांग्रेस नेताओं ने अलग-अलग स्थानों पर जीतू पटवारी का स्वागत किया था और अब फिर विरोध-प्रर्दशन में कांग्रेस की यह गुटबाज़ी उजागर हुई।

# आष्टा में लगेगी वाजपेयी की 54 फीट ऊंची प्रतिमा

### 60 लाख रुपए से प्रतिमा हुई तैयार



**आष्टा।** पीएम आवास कॉलोनी में स्थापित होगी अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सबसे ऊंची प्रतिमा आष्टा में बनकर तैयार हो चुकी है। 54 फीट ऊंची इस प्रतिमा को आष्टा नगर पालिका की प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में स्थापित किया जाएगा। ढाई टन की इस प्रतिमा को तीन महीने में तैयार किया गया है। नपा अध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने बताया कि 25 दिसंबर को वाजपेयी जी की जंयती पर इस प्रतिमा को पुराना इंदौर-भोपाल हाईवे पर स्थित प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में लोकार्पण किया जा सकता है। अभी सबसे ऊंची 51 फीट की प्रतिमा सागर जिले में है। उसे करीब लगभग 66 लाख रुपए से बनाया था। प्रतिमा की ऊंचाई 42 फीट है। इसे 12 फीट के प्लेटफार्म पर रखा जाएगा। इसकी कुल अनुमानित लागत करीब 60 लाख रुपए है। शहर के दो कलाकार भाइयों राकेश कुशवाह और रवि कुशवाह ने यह प्रतिमा तैयार की है। राकेश कुशवाहा बताते हैं कई वर्षों से प्रतिमा बना रहे हैं। हमें भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा बनाने का अवसर मिला। इसको लेकर हमने और हमारे कलाकारों ने ढाई महीने में तैयार किया है। प्रतिमा को डिजाइन करने वाले रवि कुशवाह बताते हैं कि प्रतिमा बनाना तो इतना मुश्किल नहीं था, लेकिन हुबहू चेहरा बनाना हमारे चुनौती थी। हमने प्रतिमा बनाने से पहले अटल जी का एक स्कैच तैयार कर फिर 3D मॉडल बनाकर अटल जी का एक छोटा सा सैंपल तैयार किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना ने बताया कि यह प्रतिमा देश की सबसे बड़ी प्रतिमा होगी। इसमें फाइबर और ग्लास का उपयोग किया गया है।

# 25 से 31 दिसंबर तक नगर में होगा भक्ति का प्रवाह, तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा नगर के मध्य मानस भवन आष्टा में श्री राम मानस संस्कृति व समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में 25 दिसंबर से भव्य मानस सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है जिसमे धर्म की गंगा नगर में बहने जा रही है सम्मेलन में गोरक्षा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री द्वारकाधीश पीठ के महामंडलेश्वर श्री स्वामी रामेश्वर दास जी, परम पूज्यनीय संत श्री अन्नपूर्णा गिरिजी (वर्षा नगर ) पंचायती अखाड़ा उज्जैन,श्री प.श्याम मनावत जी नागेश्वर धाम उज्जैन, परम पूज्य दीदी मां अर्चना जी दुबे नागेश्वर महादेव मंदिर तलावली चंदा इंदौर, परम पूजनीय संत साधु




विमलदेवदास जी अक्षरधाम संस्थान इंदौर,प. दीपक दास जी भगवताचार्य व महंत अन्नपूर्णा मंदिर आष्टा,के संतो के मुखाग्र से नगर में भक्ति का प्रवाह करेंगे 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे गायत्री मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ की जाएगी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए मानस भवन पहुंचेगी मानस सम्मेलन के अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, सूत्रधार प्रेमनारायण शर्मा, सत्यनारायण कामारिया अध्यक्ष मानस भवन समिति, हरिनारायण शर्मा सचिव मानस सम्मेलन, दिनेश सोनी प्रभारी मानस सम्मेलन, भोलू सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष मानस सम्मेलन व समिति के पदाधिकारियों,सदस्यों ने निवेदन किया है की ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर इस धर्म की नगरी में हो रहे धार्मिक कुंभ में अवश्य पधारे व धर्म लाभ कमावे।

### सहायक प्रबंधक को किया निलंबित

**सीहोर।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बरखेड़ाहसन के सहायक प्रबंधक अनिल शर्मा द्वारा संस्था में कुछ कृषकगणों को डी.ए.पी. खाद की बोरी निर्धारित दर 1350/- प्रति बोरी के मान से बिकी न कर, 1472/- रूपये प्रति बोरी के मान से बिक्री कर, अधिक राशि की अवैध वसूली की गई। इसके चलते अनिल शर्मा, सहायक प्रबंधक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित, बरखेड़ाहसन जिला सीहोर को कृषको से डी.ए.पी. खाद निर्धारित दर से अधिक दर पर बिकी कर अधिक राशि की अवैध वसूली कर, नियम विरूद्ध कृत्य करने के फलस्वरूप शुक्रवार को संस्था सहायक प्रबंधक के पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया हैं। निलंबन अवधि में अनिल शर्मा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील रहेगा।

# दशहरा मैदान में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्वयं को कभी कमजोर साबित मत होने दें, क्योंकि डूबते सूर्य को देखकर लोग घरों के दरवाजे बंद करने लगते हैं। इसलिए आत्मविश्वास रखिए, क्योंकि आत्मविश्वास से ही सफलता मिलती है। और सफलता से आत्मविश्वास। किसी शायर ने कहा है। खुदी को कर इतना बुलंद, कि खुदा भी बंदे से पूछे, बोल तेरी रजा क्या है। उक्त प्रेरणादाई सुविचार श्री श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नया दशहरा मैदान खंडेलवाल ग्राउंड पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के सातवें और अंतिम दिवस मालवा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भागवत कथाकार संत श्री मिट्ठुपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। कथा के अंतिम दिवस कथा समिति और यजमान राजेंद्र सिंह मुरावर द्वारा पूज्य महाराज श्री का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। और पुनः अगले वर्ष कथा के लिए अपना संकल्प दोहराया। अगले वर्ष की कथा के लिए राजेंद्र सिंह मुरावर का अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। महाराज श्री द्वारा भी कथा की स्वीकृति प्रदान की। जिसका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। आज कथा में पूज्य गुरुदेव द्वारा रामचरित्र मानस के सभी प्रसंगो का संक्षिप्त एवं सारगर्भित निरूपण किया।

भगवान के विवाह के पश्चात माता केंकई द्वारा भारत को राजा और राम वनवास का वरदान राजा दशरथ से मांगा। और माता-पिता के कहने पर भगवान राम 14 वर्ष के लिए वन चले गए। राम जी के साथ छोटे भाई लक्ष्मण और जानकी सीता मैया भी गई। इसी प्रकार कथा में केवट प्रसंग, सती अनसूया जी की कथा, देवराज इंद्र के पुत्र जयंत की कथा, शूर्पणखा प्रसंग, सीता हरण ,जटायु चरित्र, शबरी मैया का उद्धार ,और सुग्रीव से मित्रता, हनुमान जी द्वारा सीता जी की खोज अंत में राम रावण युद्ध मैं भगवान श्री राम की विजय और रावण का अंत। और पुनः माता जानकी के साथ अयोध्या आगमन ,श्री राम जी का राजतिलक तक की सब कथाओं को बड़े ही भावपूर्ण और मार्मिक शब्दों में श्रवण करवाया। जिसे सुनकर सारे श्रोता भाव विभोर हो गए।

माहाप्रसाद राजेंद्र सिंह मुरावर की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर रायसिंह मेवाड़ा महेंद्र गोपाल सिंह इंजीनियर, मनोहर भोजवानी, कुमेर सिंह भाटी, उर्मिला मरेठा, अनिल श्रीवास्तव, सकल समाज आष्टा, वीरेंद्र सिंह जसमत, धीरज सिंह पटेल, मुकेश नामदेव, राजीव गुप्ता, जगदीश खत्री, जुगल किशोर मालवीय, राजेंद्र गुणवान, डॉ मनोज नागर, रवि शर्मा, राजा पारख,सुमित मेहता, डॉक्टर गीतम सिंह, चेतन सिंह सेमली, पंकज राठी संजीव पांचम, कैलाश पांचम ,तेज सिंह राठौड़,, रतन सिंह डॉक्टर, राधेश्याम सोनी, कमल ताम्रकार, लखन पाटीदार,बहादुर सिंह, कुशल पाल लाला,मनोहर सिंह लाखू खेड़ी, डीके परिहार, रमेश बिल्लौर, किरार साहब, बैरागी सर जीवनराज माली खेड़ी, वैष्णव बैरागी समाज आष्टा, दाउ मांडली,विक्रम सिंह,प्रभात फेरी मंडल, जटाल सिंह मेवाडा गोविंद जाने समिति, कृपाल सिंह सेठ लहसुडलिया ,महेंद्र सिंह भानाखेड़ी ज्ञान सिंह बिलपान, हरदेव मेवाड़ा, बंटी जायसवाल, प्रदीप राठौर, मनीष धारवा ,चेतन वर्मा मनीष नामदेव ,हेमंत राठौड़ ,सवाई सिंह दोनिया, मनीष राजपूत, जोगेंद्र ठाकुर भागवत मेवाड़ा राजीव पवार, राजू राठौड़ आदि भक्तगण पधारे।

# 'सबकी योजना, सबका विकास' के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



समर्थन संस्था द्वारा होटल क्रिसेंट में एकदिवसीय पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत अपनी कृषि आधारित योजनाओं को केंद्र में रखते हुए पंचायत अपनी योजना का निर्माण कैसे करें। जिससे गांव में आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की योजनाओं को बनाकर गांव का सशक्त कर विकास किया जा सके। उक्त क्रम में पंचायत प्रतिनिधियों को किस प्रकार खेती आधारित योजना का निर्माण कर सके। जिसमे पानी की पूर्ति के लिए रोजगार गारंटी के माध्यम से जल संरक्षण की संचनाओं का निर्माण किया जाए। जिससे खेती में पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जा सके।

योजना निर्माण में ग्राम पंचायतों में सेवा देने वाले 18 विभागों द्वारा 29 विषयों को ध्यान में रखकर ग्राम पंचायत विकाश योजना निर्माण करे। जिससे उन्नत खेती को बढ़ावा दिया जाए। जिसमें हॉर्टिकल्चर विभाग के उप संचालक सागर द्वारा टपक पद्धत्ति (ड्रिप) के माध्यम से कम पानी में भी सब्जी और फलों की खेती की जा सकती है।

कृषि विभाग की अन्य योजनाओं के जिसमे ईसप्रिकिलर के माध्यम से भी सिंचाई करके पानी की बचत की जा सकती है। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा यह तय किया गया की पंचायत के आर्थिक एवं सामाजिक न्याय की योजनाओं में समुदाय की सहभगिता से योजना निर्माण को सुनिश्चित कर ग्राम पंचायत विकाश योजना का निर्माण करेंगे। जिस गांव समग्र विकास कि संकल्पना को पूरा किया जा सके। जिससे किसानों को खेती में पानी ओर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जनजागरूकता का कार्य कर खेती को लागत को कम किया जा सके। जिससे किसानों की दशा और दिशा को सुधारा जा सके ।जिससे गांव को उन्नत गांव बनाया जा सके। ग्राम पंचायत धबोटि के सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर सिंह चौहान जी द्वारा उनके अनुभव को साझा किया गया। उनकी पंचायत द्वारा जल संरक्षण के कार्यों से गांव का भूजल स्तर बड़ा है।

जिससे उसके गांव की तकदीर और तस्वीर कैसे बदली है, उनकी सफल कहानियों को लोगों ने सुना जिससे प्रेरणा मिली कि गांव में खेती के लिए सबसे महत्वपूर्ण सर्वप्रथम पानी की उपलब्धता को सूचित करना। जिससे किसान सशक्त होगा और मजबूत होगा जिससे उसकी आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय के रास्ते खुलेंगे। इसी कड़ी में पूर्व सरपंच जय सिंह भारतीय द्वारा किए हुए कार्यों के बारे में प्रकाश डाला जिससे उनकी पंचायत हो किस तरीके से सशक्त और मजबूत किया। हमें भी सबको मिलकर सभी के विकाश की नियोजन का निर्माण करना होगा। एक विकशित समाज का निर्माण कर सके, ओर गांव के विकास के साथ-साथ देश का विकास भी संभव हो सकेगा।

### पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल आष्टा में धूमधाम के साथ मनाया गया क्रिसमस-डे का पर्व

# विद्यार्थियों ने नाटक की प्रस्तुति देकर मनाया प्रभु का जन्मदिवस






हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गुरुवार को पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल आष्टा में क्रिसमस डे का पर्व बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सी जे, विद्यालय प्रबंधक फादर जोनेडियस टोप्पो एवं उप प्राचार्य सिस्टर टीना द्वारा मोमबत्ती जलाकर की। इस अवसर पर नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रभु येशु के जन्म को बताया।

प्रभु येशु ने मनुष्य के दुखों को दूर करने के लिए और मानवता के कल्याण के लिए जनम लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक फादर जोनेडियस टोप्पो ने बच्चों को क्रिसमस पर्व का महत्व समझाया तथा प्रभु येशु द्वारा किये गए कार्यों को बताया। रंगारंग प्रस्तुति के साथ साथ सांता क्लॉस ने आकर सभी बच्चों में उत्साह भर दिए।

# सोनी परिवार ने पुण्यतिथि पर गौशाला की गौ माता को खिलाया गौग्रास



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सुरेश चंद सोनी कि सुपुत्री स्वर्गीय शिखा सोनी की पुण्यतिथि पर मां पार्वती धाम गौशाला की गौ माताओ को सुदाना पशु आहार एवं हरि चरी (घास) के पुले गौ माताओ को अपने परिवार के साथ गौशाला पहुंचकर स्वयं अपने हाथों से गौ माता को खिलाएं और 200 हरिचरी के पुले की कुल कीमत 1000 रुपए मां पार्वती धाम गौशाला के कोषाध्यक्ष संजय सुराणा को दान स्वरूप प्रदान किए। समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने मृतआत्मा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सोनी परिवार का आभार व्यक्त किया।

### जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने निकाली जा रही संकल्प यात्रा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों से कर रहे सीधा संवाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-नरसिंहगढ़

विधानसभा की विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत कांसोरकला, आलमपुरा पहुंची। सरपंच प्रकाश मीणा ने यात्रा में आए भाजपा के वरिष्ठ नेता मानसिंह राजपूत,रामनारायण दांगी नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, वीरेंद्र यादव एव सभी का स्वागत किया। इस दौरान सभी ग्राम वासियों को एवं ईदग्रहियों को विकसित भारत संकल्प दिलाया गया। इस दौरान सभी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को नीचे तक कैसे उतारा जा रहा है इसके बारे में बताया। ग्रामीण क्षेत्र में अगर कोई व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित रह गया हो तो इस शिविर के माध्यम से उन योजनाओं में अपना आवेदन कर सकता है। ऐसी तमाम प्रकार की सरकार की योजनाओं की जानकारी भाजपा नेताओं ने दी सभी विभागों के अधिकारी इस दौरान उपस्थित रहे।

## विधायक ने शासन की योजनओं का लाभ लेने की आम जनमानस से की अपील



केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिलेभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। शुक्रवार को जनपद नरसिंहगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुरा, चैनपुराकलां, सराना और बडोदियातालाब संकल्प यात्रा पहुंची और यहां हितलाभ वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए गए और अनेक विभागों द्वारा लगाए गए शिविरों में हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा नरसिंहगढ विधायक मोहन शर्मा भी यात्रा में सम्मिलित हुए। साथ ही यात्रा में हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की। साथ ही उन्होंने हितग्राहियों की समस्याओं को सुना व निराकरण करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी एवं पात्र हितग्राहियों को मौके पर लाभांवित किया जाना है। कार्यक्रम में सभी विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए जा रहे है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रमों के दौरान स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प आयोजित किए जा रहे है। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जा रहे है, जन धन जीवन ज्योति योजना के नए आवेदन, कृषि विभाग द्वारा योजनाओं का लाभ देने के साथ साथ उन्नत कृषि यंत्र एवं ड्रोन के माध्यम से कीट नाशक एवं उर्वरक छिड़काव की उच्च तकनीकी का प्रदर्शन भी किया जा रहा है, ताकि किसान इस तकनीकी के उपयोग को अपना सकें। पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजना, राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर यात्रा में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण व संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सारंगपुर बना गौवंश परिवाहन का हव, महाराष्ट्र ले जा रहे थे गौवंश

### हिन्दू संगठन की मदद से पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गौवंश के संरक्षण को लेकर भले ही सरकार जगह-जगह और गांव गांव में गौशाला खोलकर वहां उन्हें तमाम तरह की सुविधाएं देने की बात कर रही है। लेकिन हर साल सैकड़ों की संख्या में गौवंश का परिवहन हो जाता है। लेकिन अभी तक जो मामले सामने आए या तो गौ रक्षकों के हस्तक्षेप के बाद गौवंश का परिवाहन पकड़ा गया या फिर वाहन खुद खराब हो गए। जिसके बाद यह जानकारी पुलिस तक पहुंची । जिले सहित आसपास के जिलों के विभिन्न थानों की यदि बात की जाए तो गौवंश के परिवाहन को लेकर छोटी मोटी कार्यवाही देखने को मिलती जिनमें अधिकांश गौ तस्कर सारंगपुर के ही होते हैं।

अवैध गौवंश परिवहन का एक मामला शुक्रवार को पचोर थाने का



सामने आया है। हिंदू संगठन के लोगों की मदद से गौवंश से भरी दो पिकअप बोलेरों वाहन रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे से जब्त की है। दोनों पिकअप में 4-4 बैल ठूंस-ठूंस कर भरे थे। जिन्हें आरोपी गोकशी के लिए महाराष्ट्र ले जा रहे थे। ड्राइवर साबिर पिता रज्जाक खां निवासी शेखपुरा सारंगपुर और क्लीनर बाबूलाल भागीरथ निवासी सिलावटवाड़ी सारंगपुर और पिकअप एमपी 09 जीजी 1034 के ड्राइवर सलमान पिता रफीक खां निवासी फकीरवाड़ा और क्लीनर फारुख पिता रईस खां निवासी खारिया मोहल्ला सारंगपुर के कब्जे से दोनों पिकअप से 4-4 गोवंश मुक्त कराए। दोनों पिकअप में बैलों को ठूंस-ठूंस कर भरा गया था। बताया जा रहा है कि आरोपी बैलों को सुठालिया से लाकर मक्सी ले जा रहे थे। जहां से वाहन बदलकर महाराष्ट्र भेजा जाना था। पुलिस ने पशुक्रूरता अधिनियम की धारा 11 (1) घ, और 1960 की धारा 4 कृषि पशु परीक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है।

#### मामला दर्ज किया

हिन्दू संगठनों की सूचना पर बेलों से भरी दो पिकअप जप्त की है। आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

**आकांक्षा शर्मा,** थाना प्रभारी पचोर



### उत्पाति बंदरों का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**सारंगपुर।** समीप ग्राम नैनवाड़ा में विगत 20-22 दिन पहले एक बंदर पागल हो गया था। जिसके हमले से सरपंच राजेंद्र राजपूत सहित दर्जन भर लोग घायल हो गए थे। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक गौतम टेटवाल के निर्देश वन विभाग ने बंदरों के संपूर्ण झुंड का रेस्क्यू किया गया। इस दौरान ग्रामीण जनों के अथक प्रयास व सहयोग से यहां नरसिंहगढ़ चिड़ियाखो के लिए रवाना किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद वन विभाग टीम के योगेंद्र यादव, पटवारी योगेश सक्सेना,सरपंच राजेंद्र सिंह राजपूत, सहसचिव विष्णु प्रसाद, उपसरपंच कन्हैयालाल गुर्जर, हीरा चैधरी,साहिका निर्मला परिहार एवं ग्रामीण जन लखन परिहार, राकेश राजपूत, रामबाबू राजपूत, मोहन राजपूत, देव सिंह सिसोदिया, कमल सिंह सिसोदिया, अकास मालवीय सहित ग्रामीण मौजूद थे।

### गत दिवस नगर में हुई चोरी का मामला

## आर्टिफिशियल ज्वेलरी हुई थी चोरी, रिपोर्ट में लिखवा दी असली


चोरों ने मेन मार्केट स्थित जैन मेडिकल वाले दीपक जैन के घर को बनाया निशाना
व्यापारी के सूने मकान से नकदी सहित 20 लाख का माल चोरी
पुलिस ने खंगाले आसपास के सीसीटीवी फुटेज

**राजगढ़।** गत दिवस मेन मार्केट स्थित जैन मेडिकल के सूने मकान में चोरी की वारदात हुई थी। उस समय फरियादी द्वारा की गई रिपोर्ट में लिखवाया गया था कि करीब 20 लाख रुपए की चोरी हुई है जिनमें साढ़े 4 लाख रुपए नकद एवं बाकी के सोने की चेनें, गहने आदि शामिल हैं। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े चोर से जब पुलिस ने अपनी भाषा में पूछताछ की तो उसने सब सच उगल दिया। संबंधित चोर ने पुलिस को बताया कि जहां उसने चोरी की वहां से मिले गहने नकली थे। उसने जब इन गहनों को मार्केट में बेचने का प्रयास किया तब यह बात मालूम हुई। पुलिस ने भी जब इन गहनों को चेक करवाया तो सभी गहने आर्टिफिशियल निकले हैं। आगामी दिनों में पुलिस इस पूरे मामले पर से विस्तार से पर्दा उठाने वाली है।

### आवाज की उठाने वालों की आवाजें दबाने से जनता चुप नहीं रहेगी

## 143 सांसदों के निलंबन के विरोध में जिला कांग्रेस का धरना, लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मनचाहे फैसले सरकार द्वारा लिए जा रहे हैं। गलत फैसलों पर आवाज उठाने वालों की आवाजें दबाई जा रही हैं। जनविरोधी बिलों व अन्य मसलों को लेकर जब कांग्रेस व समर्थित सांसदों ने आवाज उठाई तो 143 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। यह लोकतंत्र का उपहास है। तीन राज्यों में सरकार आने से केंद्र सरकार अतिउत्साहित होकर निरंकुश हो गई है।

उक्त बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित सहित अन्य इंका पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय के बाहर शुक्रवार को आयोजित धरना प्रदर्षन को संबोधित करते हुए कही। अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक साथ इतने सांसदों को निलंबित कर दिया गया, ताकि भाजपा वो सब कर




सके जो वो चाह रही है। आवाज उठाने वालों की आवाजें दबाने से जनता चुप नहीं रहेगी। आगामी लोकसभा चुनावों में जनता अपना जवाब भाजपा को देगी। धरना प्रदर्षन को पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने भी संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की।

## इंदौर पब्लिक हाई स्कूल ब्यावरा में नन्हे-नन्हे बच्चों को कराया अंजनीलाल मंदिर का भ्रमण



**ब्यावरा।** बुधवार को संस्था इंदौर पब्लिक स्कूल ब्यावरा के नन्हे नन्हे बच्चो को कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चो को अंजनीलाल मंदिर भ्रमण व पिकनिक के लिए स्कूल बस द्वारा उचित स्टाफ व प्रिंसिपल सर व मैम की उपस्थिति में ले जाया गया। सभी नन्हे नन्हे बच्चे जय श्रीराम, जय हनुमान के नारे लगाते गए और भगवान श्रीराम के दर्शन किए। फिर सभी ने भगवान अंजनी लाल के दर्शन और शिव शंकर के दर्शन किए। सभी बच्चों को लंच करवाने के पश्चात बच्चो के बीच खेल गतिविधियां करवाई गई। इस बीच शिक्षक बच्चों के साथ उपस्थित रहे।

### विजेता टीमें अब खेलेंगी संभाग

## अंर्तजिला प्रतियोगिताएं संपन्न अब ये टीमें खिलेंगी संभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला मुख्यालय पर विभिन्न खेलों की दो दिवसीय अंर्तजिला प्रतियोगिताएं चल रही हैं। दूसरे दिवस वॉलीबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता (बालिका) में हिन्द कान्वेंट स्कूल नरसिंहगढ़ की टीम विजेता रही चाटूखेड़ा स्कूल राजगढ़ की टीम उप-विजेता रही। तृतीय स्थान पर ब्यावरा आयडियल कान्वेंट स्कूल की टीम ने पाया।

इसी तरह बालक वर्ग में करनवास राजगढ़ की टीम विजेता, ब्यावरा आयडियल उपविजेता एवं तृतीय स्थान पर खिलचीपुर की टीम रही। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला क्रीडाधिकारी करण सिंह



भिलाला, जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र सिंह परमार, प्राचार्य महेष गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पीटीआई रवींद्र सिंह तोमर, सीता श्राफ, शबीर गोरी, अतीक खान, फिरोज लोधी, गोपाल परमार, योगेष तिवारी, रामकुमार पुष्पद, किरण वर्मा, अरुण साहू, राषिद खान सहित अन्य उपस्थित रहे। विजेता एवं उप-विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। अब विजेता टीमें 28 दिसंबर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

### मौजूद रहे शिक्षाविद व गणित विशेषज्ञ

## एमटीएम में मनाया गया गणितज्ञ रामानुजन का जन्मदिवस



**ब्यावरा।** शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था एमटीएम कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल ब्यावरा में विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ एवं भारत के महान वैज्ञानिक श्रीनिवास रामानुजन का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को संस्था में आयोजित इस गणित दिवस के दिन नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद डीआर यादव कमल आलोक प्रसाद एवं सत्येंद्र सेंगर मुख्य रूप से बच्चों को मार्गदर्शन देने के लिए उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों के द्वारा गणित विषय को कैसे मनोरंजन बनाया जाए इसके लिए अलग-अलग तरीके से पावर पॉइंट के माध्यम से रंगारंग डांस के माध्यम से एवं अपने भाषणों के माध्यम से अपनी बात रखी। साथ ही उपस्थित तीनों ही शिक्षाविदों ने गणित को लेकर बच्चों के मन की भ्रांतियां को दूर किया तत्पश्चात संस्था के डायरेक्टर डॉ मुकेश मारू ने उपस्थित तीनों अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। संस्था प्राचार्य श्रीमती नीलिमा शर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन गणित की शिक्षिका कुमारी कृष्णा गगरानी ने किया।



### पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के 1 दिन पूर्व मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**सारंगपुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित किया गया था। इसलिए शासन द्वारा उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता आ रहा है। क्योंकि 23 दिसंबर को शनिवार व 24 दिसंबर को रविवार होने से अवकाश होने के कारण शुक्रवार को तहसील कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा अपने अपने कार्यालय पर सुशासन दिवस मनाते हुए सुशासन की शपथ ली। इस अवसर पर एसडीएम संजय उपाध्याय तहसीलदार मनोज शर्मा,महेंद्र जोनवार,शक्ति सिंह ,करण परिहार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## गायों को ठंड से बचाने पंजाबी महिला समिति आगे आई



**अशोकनगर।** पंजाबी महिला विकास समिति (अशोक नगर) ने विभिन्न-विभिन्न जगह पर घूम रही लावारिस गायों को टाट के बोरो में रस्सी बांध कर गायों को ठंड से बचाने का प्रयास किया।समिति की अध्यक्ष प्रिया खुराना ने बताया कि इस कार्य को सफल बनाने के लिए हमारे निवेदन करने पर नगरपालिका के अध्यक्ष नीरज मनोरिया जी ने उत्साह पूर्वक हमारा बहुत सहयोग किया, साथ ही मौके पर अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर कार्य को सरल और सफल बनाया। लगभग 150-200 गायों को ठंड से बचाने के लिए गुड के लड्डू खिलाए गए और साथ ही उन्हें चारा भी डाला गया। इस मौके पर अध्यक्ष के साथ सचिव गायत्री,अरुणा, हनी, प्रियंका, रानी,सुनीता,भारती,रजनीआदि उपस्थित रहे।

### साइकिल की टक्कर से युवक की मौत

**राजगढ़।** स्थानीय संकटमोचन कॉलोनी के समीप की सुनसान सड़क पर साइकिल से गिरकर युवक की मौत हो गई। मृतक के साथ ही उसका चार वर्षीय पुत्र भी था जो काफी समय तक वहां रोता रहा क्योंकि रोड सुनसान थी। जानकारी के अनुसार सर्जन पिता रंगलाल गुजर निवासी ग्राम गगोरनी गुरुवार अपने गांव जा रहा था। उनका चार वर्षीय बेटा भी सर्जन के साथ था। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के समीप की सड़क पर किसी साइकिल सवार ने सर्जन को टक्कर मार दी। गिरकर सर्जन का सिर किसी पत्थर से टकराया और सर की चोंट के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चार साल का बेटा रात के अंधेरे में रोता रहा। बाद में कोई बाइक चालक उधर से गुजर रहे थे उन्होंने रुककर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवाया। वहीं साइकिल भी जब्त की है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### टीआई को फोन लगाकर तुरंत कार्रवाई के दिए निर्देश

# एसपी मीणा ने दिव्यांग दंपती के समीप बैठाकर सुनी उनकी पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मलावर थानाक्षेत्र के खेजड़ा महाराजा में करीब डेढ़ माह पूर्व एक विकलांग दंपत्ति से उनके ही परिवार वालों द्वारा मारपीट की गई। आंखों से देखने में अक्षम महिला के साथ उन्हीं के जेठ रामकिशन केवट ने छाती पर पैर रखकर बुरी तरह मारा-पीटा। पीड़ित दंपत्ति ने मलावर थाने पहुंचकर लिखित में शिकायत दर्ज करवाई लेकिन थाना स्तर से कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ऐसे में यह पीड़ित दिव्यांग दंपत्ति संगीता केवट और शिवनारायण केवट शुक्रवार दोपहर पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा से गुहार



लगाने पहुंचे। एसपी कार्यालय में अक्सर कईं लोगों के षिकायती आवेदन पहुंचते हैं परन्तु जब एसपी मीणा को मालूम हुआ कि शिकायतकर्ता पति-पत्नी दोनों ही दिव्यांग हैं तो उन्होंने दोनों को समीप बैठाकर इत्मिनान से उनकी समस्या सुनी और कार्रवाई का आष्वासन दिया। दंपत्ति ने उन्हें बताया कि सरपंच का हस्तक्षेप होने के कारण मलावर पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

#### सीधे मलावर टीआई को लगाया फोन

एसपी मीणा ने मलावर टीआई गोयल को तल्ख लहजे में फोन लगाकर तुरंत कार्रवाई के निर्देष दिए। उन्होंने टीआई से कहा कि आप थाना स्तर पर ही पीड़ितों की समस्याएं क्यों नहीं सुन पा रहे हैं, जो उन्हें मेरे पास आना पड़ रहा है। आगे से ऐसा न हो और थाना स्तर पर ही आमजनों की समस्याएं सुलझाने के निर्देश उन्होंने टीआई को प्रदान किए।

# अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन के रूप में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

शासकीय महाविघालय ईसागढ़ में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों और स्टाफ द्वारा शपथ ली गई। जिसमे डॉ दीपा बर्मा,डॉ जेपी सिंह, डॉ आशीष कुमार सिंह. रवि राजकुमार रचना और समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। शपथ का वाचन डॉ जवाहर टैगोर ने किया।

मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूँ कि प्रदेश में सुशासन को उच्च मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूंगा और शासन को अधिक पारदर्शी,सहभागी, जनकल्याण केंद्रीय तथा जवाबदेही बनाने के लिए हर समय प्रयास करता रहूंगा/ रहूंगी प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार



लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर पर रहूंगा। डॉ जवाहर टैगोर ने अपने विचार रखे।

#### अटल जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला

अटल विहारी वाजपेयी एक महान कवि, लेखक, एक राज नेता भी थे. जीवन भर अविवाहित रहे ओर अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित किया. प्रधानमंत्री काल मे कई बड़े बड़े फैसला भी लिए उनके जीवन संघर्ष को भारत के हर नागरिक याद रखेगा। ऐसे महान राजनेता को जन्म दिन कि बहुत बहुत बधाई प्रेषित की.कार्यक्रम मे समस्त स्टॉफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।